

राजधानी में सोमवार को यादगार शाहजहांनी पार्क में आशा-उषा कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया।

# बावड़ियां कला अंडरब्रिज से कोलार और सलैया का सफर होगा आसानः गौर



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने सोमवार को बावड़ियां कला रेलवे अंडरब्रिज का निरीक्षण कर अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कर यातायात शुरू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि होशंगाबाद रोड की ओर जाम की स्थिति से बचने के लिए कट पॉइंट बनाकर सिग्नल लगाए जाएं। अंडरब्रिज शुरू होने से नर्मदापुरम रोड, बावड़ियां कलां, सलैया और कोलार क्षेत्र के लाखों लोगों का आवागमन आसान होगा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि होशंगाबाद रोड की तरफ जाते समय जाम ना लगे, इसके लिए कट पॉइंट बनाकर सिग्नल लगाया जाए।

उन्होंने रेलवे के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और कहा कि इस बात का भी विशेष ध्यान रखें कि बारिश में अंडरब्रिज में पानी ना भरे और शीघ्र ही शेड का निर्माण भी कराए। भोपाल के लिए रहवासियों के लिए यह अंडरब्रिज एक बड़ी सौगात है। श्रीमती गौर ने कहा कि बावड़ियां कला ओवर ब्रिज से 20000 वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं, ऐसे में पूरा ट्रैफिक ओवरब्रिज से जा रहा था, लेकिन अब अंडरब्रिज बनने से पल्लवी नगर सहित अन्य कॉलोनीवासियों को काफी सहूलियत होगी। इस अंडर ब्रिज के बनने से अब कोलार रोड और नर्मदापुरम रोड़ की कनेक्टिविटी बेहतर होने से लगभग 5 लाख की आबादी को सीधा फायदा होगा।

### एनएसएस युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन और...

# राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त मंच : परमार

## चित्रकूट में राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्यस्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का एक सशक्त मंच है। ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने के लिए प्रेरित करते हैं।

श्री परमार चित्रकूट स्थित उद्यमिता विद्यापीठ के विवेकानंद सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समाज और राष्ट्र के विकास को नई गति मिलती है। स्वयंसेवकों को चाहिए कि वे अपने ज्ञान, ऊर्जा और उत्साह का उपयोग समाज के कल्याण के लिए करें तथा सकारात्मक बदलाव लाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र-छात्राएं समाज के कमजोर वर्गों की सहायता, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में योगदान दे रहे हैं। यह गतिविधियां न केवल समाज को लाभ पहुंचाती हैं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

श्री परमार ने स्वयंसेवकों से कहा कि वे सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान चित्रकूट की आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक महत्व को भी समझने का प्रयास करें। इससे उन्हें भारतीय परंपरा और मूल्यों को जानने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रीय सेवा योजना का यह राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 8 से 14 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। शिविर में उन्हें नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### वैद्यों की परंपरागत चिकित्सा विधाओं के संरक्षण संवर्धन एवं...

# दस्तावेजीकरण की आवश्यकता

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि भारत की प्राचीन परंपरागत चिकित्सा विधाएं हमारी सांस्कृतिक और वैज्ञानिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आयुर्वेद, लोक-चिकित्सा और पारंपरिक वैद्यक पद्धतियों ने सदियों से समाज को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने संरक्षण, संवर्धन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से दस्तावेजीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन ज्ञान परंपराओं का लाभ उठा सकें।

श्री परमार रविवार को सतना जिले के चित्रकूट स्थित उद्यमिता विद्यापीठ के लोहिया सभागार में आयोजित परंपरागत वैद्य सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष पद्धतियों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक उपचार प्रणालियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, साथ ही इनके प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने मण्डला जिले में 18 प्रकार की जड़ी-बूटियों का उदाहरण देते हुए कहा कि इनमें से कई का उल्लेख आयुर्वेद की किताबों में नहीं है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2024-25 में 8 नए आयुर्वेद कॉलेज खोले जा रहे हैं और यूनानी चिकित्सा के छात्रों को अब हिन्दी में पढ़ाया जाएगा। उन्होंने परंपरागत वैद्यों के अनुभव और ज्ञान को संस्थागत रूप से संरक्षित करने की आवश्यकता बताई, ताकि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ और किफायती बन सकें। विशेषज्ञों ने पारंपरिक चिकित्सा, वनौषधियों के उपयोग और आयुष चिकित्सा के वैज्ञानिक अध्ययन पर विचार साझा किए। समापन पर परंपरागत वैद्यों को सम्मानित किया गया और उनके अनुभवों को संरक्षित रखने का आह्वान किया गया।

# कांग्रेस के 5 जिलों के 26 नगर अध्यक्ष घोषित

## एमपी में 9 जिलों की 27 विधानसभाओं में मंडलम अध्यक्षों का भी ऐलान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 26 नगर अध्यक्षों की सूची जारी की है। एमपी कांग्रेस ने 9 जिलों की 27 विधानसभाओं में मंडलम् अध्यक्ष भी घोषित किए हैं।

कांग्रेस के संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. संजय कामले द्वारा जारी इस सूची में भिंड, छतरपुर, सिंगरौली, शहडोल और नर्मदापुरम जिलों के विभिन्न नगरों के लिए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई है। मंडलम् अध्यक्षों की लिस्ट सीधे जिलाध्यक्षों को भेजी। एमपी कांग्रेस के मीडिया विभाग की ओर से नगर अध्यक्षों की लिस्ट जारी की गई है। लेकिन, मंडलम् अध्यक्षों की लिस्ट मीडिया विभाग की ओर से जारी नहीं की गई है। जिन विधानसभाओं में मंडलम् अध्यक्ष बनाए गए हैं उन जिलों और विधानसभाओं के नामों की सूची जारी की गई है। मंडलम् अध्यक्षों की लिस्ट सीधे जिला अध्यक्ष को भेजी गई है। इन विधानसभाओं में मंडलम् अध्यक्ष घोषित किए गए हैं। लेकिन सूची मीडिया को जारी नहीं की गई है।

## राजधानी के 30 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपालः** राजधानी के करीब 30 इलाकों में मंगलवार को बिजली कटौती की जाएगी। बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस कार्य के चलते सप्लाई प्रभावित होगी। दानिशकुंज, गोविंदपुरा, बीडीए कॉलोनी, ओम नगर, विट्ठन मार्केट समेत कई अन्य इलाके बिजली बंद रहने से प्रभावित होंगे। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जेल हिल्स और आसपास के इलाके में बिजली कटौती रहेगी। इसी समय दानिशकुंज-2, 3 और 4, सिद्धि समृद्धि हाइट्स एवं आसपास के इलाके भी प्रभावित होंगे। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक निजामउद्दीन कॉलोनी, सागर स्टेट, सुख सागर कॉलोनी, सचितानंद नगर, रीगल स्टेट, सागर बंगला, बीडीए, गोविंदपुरा, बंजारा बस्ती एवं आसपास के इलाके में बिजली बंद रहेगी। इसी समय आसाराम चौराहा, गांधी नगर, अर्जुन वार्ड, प्रताप वार्ड, धाकड़ चौराहा, ब्लेयर कॉलोनी फेस-1 और 2, लेक पर्ल स्प्रिंग एवं आसपास के क्षेत्र भी प्रभावित होंगे। विट्ठन मार्केट, ई-5, अपेक्स बैंक कॉलोनी एवं आसपास सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक बिजली कटौती का सामना करेंगे। वहीं भीम नगर, ओम नगर, वल्लभ नगर और आसपास के इलाके दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक प्रभावित रहेंगे।

# बाग उमराव दूल्हा में तीन मंजिला मकान में आग, इलाके में दहशत का माहौल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बाग उमराव दूल्हा इलाके में सोमवार दोपहर करीब 3.30 बजे आगजनी की बड़ी घटना हुई। तीन मंजिला मकान की छत पर अचानक आग लगी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मकान की छत पर रखे तेल के टिन में अचानक आग लगने से लपटें फैल गईं और धुआं पूरे इलाके में छा गया। आग इतनी तेज थी कि यह 10 किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रही थी। मौके पर जानकारी मिलते ही आसपास के फायर स्टेशनों से दमकल गाड़ियां भेजी गईं। दमकलकर्मी आग पर नियंत्रण पाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे थे। मकान के ग्राउंड फ्लोर पर मीट की दुकान होने के कारण आसपास के लोग भी डर के मारे बाहर निकल आए। आग की वजह से चारों ओर धुआं ही धुआं फैल गया।

आग को देखते हुए स्थानीय लोग भी राहत कार्य में जुट गए। मौके पर ऐशबाग पुलिस भी पहुंची और इलाके की सुरक्षा सुनिश्चित की। बाग उमराव दूल्हा और ऐशबाग क्षेत्र के संकरे रास्तों की वजह से दमकल गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में काफी समय लगा।

### भोपाल में डेटा डिलीट कर कम दिखाई आमदनीः

# पेट पूजा सॉफ्टवेयर से मिलन स्वीट्स के संचालक करते थे गड़बड़ी, करोड़ों की टैक्स चोरी की आशंका

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल के प्रतिष्ठित मिलन स्वीट्स एंड रेस्टारेंट के संचालक द्वारा पेटपूजा सॉफ्टवेयर के माध्यम से आमदनी छिपाने और टैक्स चोरी करने का काम किया जाता था। इस स्वीट्स संचालक के खिलाफ करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी सामने आने की संभावना है।

आयकर विभाग के अफसरों ने भारी मात्रा में दस्तावेज जब्त करने के बाद टैक्स चोरी के वैल्यूएशन की कार्यवाही शुरू कर दी है। आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग ने रविवार रंगपंचमी के मौके पर राजधानी के एमपी नगर जोन वन स्थित मिलन स्वीट्स एंड रेस्टारेंट में सर्वे की कार्यवाही शुरू की थी। सर्वे के दौरान आयकर विभाग की टीम ने भारी मात्रा में लेन-देन के दस्तावेज जब्त किए हैं। रेस्टारेंट संचालक द्वारा पेट पूजा साफ्टवेयर का इस्तेमाल अपने कारोबार में लेन-देन के लिए किया जा रहा था। इसी साफ्टवेयर के माध्यम से डेटा डिलीट करने की कार्यवाही की जाती थी और आमदनी छिपाई जाकर इनकम टैक्स को इसकी जानकारी देने में आनाकानी की जा रही थी। पेट पूजा सॉफ्टवेयर का पूरा डेटा विभाग ने अपने कब्जे में लेने के साथ लेन-देन का पूरा रिकार्ड भी रख लिया है जिसका कम्पाइलेशन किया जा रहा है और दो से तीन दिन में टैक्स चोरी की स्थिति साफ होने की संभावना है। हालांकि, विभाग की टीम ने सर्वे की कार्यवाही रविवार देर रात बंद कर दी थी। इसके चलते सोमवार को मिलन स्वीट्स एंड रेस्टारेंट में रोज की तरह ग्राहकों की आवाजाही और अन्य कार्यवाही चलती रही।

बताया जाता है कि पेट पूजा साफ्टवेयर देश भर में आयकर विभाग के निशाने पर है। इस साफ्टवेयर के माध्यम से खाद्य सामग्री की बिक्री करने वालों द्वारा टैक्स चोरी खुलकर की जा रही है। इसी के चलते विभाग के अफसरों की टीम ने देश भर में एक साथ पेट पूजा साफ्टवेयर का उपयोग करने वालों के यहां सर्वे की कार्यवाही की है। इस साफ्टवेयर में डेटा डिलीट करने की सुविधा है। इसके चलते इसका उपयोग करने वाले प्रतिष्ठान के संचालकों द्वारा रोज होने वाली आमदनी को छिपाने के लिए बेची गई सामग्री से मिलने वाली राशि का पूरा डेटा सामने नहीं लाया जाता है। डेटा डिलीट कर उतना ही डेटा रखा जाता है जिसमें टैक्स देने की स्थिति नहीं बने।

## नर्स ने पति पर किया हिंसक हमला, प्रकरण दर्ज

**भोपालः** पिपलानी थाना क्षेत्र के आनंद नगर स्थित एक होटल में नर्स पत्नी नीलिमा ने पति राजकुमार पर हिंसक हमला किया। नीलिमा ने अपने पति को डंडे और ब्लेड से मारते हुए गंभीर चोटें पहुंचाईं। ब्लेड से वार और थप्पड़ मारने की घटना होटल के कमरे में हुई। बाथरूम की ओर भागते समय पति पर कांच का गिलास भी फेंका गया। पति राजकुमार पुणे की एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं, जबकि नीलिमा शाजापुर की रहने वाली है और सरकारी अस्पताल में नर्स हैं। घटना की शुरुआत खाने को लेकर हुई विवाद से हुई।

## संतनगर में श्रीमद्भागवत कथा आज से



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** मातृभूमि संस्था के तत्वाधान में 10 से 16 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष राहुल राजपूत ने बताया कि ओल्ड डेरी फार्म परिसर में आयोजित होने वाली इस कथा का वाचन चित्रकूट धाम के राष्ट्रीय संत श्री कृपा शंकर महाराज करेंगे।

कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार सुबह 11 बजे शंकर मंदिर से निकलने वाली एक विशाल कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और साधु-संत बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए भाजपा नेता कमल विधानी और अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# चैतीचांद पर्यावरण की रक्षा, हमारा धर्म हमारा भविष्य थीम पर मनेगा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चैतीचांद की तैयारियों में सिंधी समाज जुटा हुआ है। इस बार 'पर्यावरण की रक्षा, हमारा धर्म हमारा भविष्य' की थीम पर पर्व का मनाएगा। 20 मार्च का जय झूलेलाल के घोष से गूंजेगी राजधानी

सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष किशोर तनवानी और महासचिव प्रदीप आर्तवानी ने बताया कि उत्सव का मुख्य केंद्र नादरा बस स्टैंड चौराहा होगा, जहां शहर के चारों कोनों संतनगर, भेल, पुराना व नया भोपाल से झांकियां एकत्रित होंगी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण अलवर की शहनाई, ढोल और युवाओं का पारंपरिक छेज नृत्य होगा। राज रेडियो के पास बने मंच पर बालिकाएं नृत्य करेंगी, जबकि ड्रोन से पुष्पवर्षा और आतिशबाजी भी की जाएगी। शोभायात्रा की शुरुआत शाम 4 बजे अटलराम धर्मशाला में भगवान झूलेलाल की पूजा और विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा झंडी दिखाकर होगी। साथ ही संत कंवर राम और अमर शहीद हेमू कालानी की सजीव झांकियां भी शामिल होंगी। अंत में सभी रवीन्द्र भवन (मुक्ताकाश) पहुंचेंगे, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुख्य आतिथ्य में महाआरती, मुंबई के सिंधूवुड आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम और एक विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

E-mail id mobhopal@gmail.com

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक / / खनिज /2026 भोपाल, दिनांक /2026

### सूचना

**(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम-18-क)**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती राजदुलारी पाराशर पत्नी श्री संजय पारशर निवासी ग्राम कलखेडा पोस्ट रातीबड तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 क के तहत् उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन नवीन आवेदन पत्र क्रंमाक /466 दिनांक 19.12.2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | सरवर | 583/1, 583/2, 584/1/2, 584/1/3, 592/1,592 /2, 593/1, 593/2, 596 /1, 596/2 | 3.400 हेक्ट. | निजी | यांत्रिकी क्रिया गिट्टी बनाने के लिए पत्थर (अर्थात् क्रेशर के उपयोग हेतु) | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला भोपाल में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति / दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**प्रभारी अधिकारी**
**(खनिज शाखा) जिला भोपाल**

जी-26970/25

**न्यायालय तहसीलदार राजधानी परियोजना टीटी नगर भोपाल**
(शेड नं. 06 बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल)
न.अ.प्र.क्र. 34/अ-20(1)/2025-26

**इश्तहार**

आवेदक संस्था द पोलीमेथ सोसायटी द्वारा फर्म संस्थापक अभिषेक झा द्वारा ग्राम कोटरा सुल्तानाबाद स्थित भूमि खसरा नंबर 146 रकबा 6.4540 हेक्टेयर में से 0.09 हेक्टेयर का शोध संस्थान हेतु द पोलीमेथ सोसायटी के पक्ष में भूमि आवंटन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 24/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**राजधारी परियोजना टी.टी. नगर वृत्त भोपाल**

3900